<u>उत्तर पश्चिम रेलवे</u>

रेलवे भर्ती कक्ष,
बिल्डिग नं. 4, द्वितीय तल,
द्वितीय प्रवेश द्वार, केन्द्रीय चिकित्सालय के सामने,
जयपुर।

सं0–740–ई/आरआरसी/स्काउट्स एवं गाईड्स कोटा/2024–25 दिनांक 24.01.2025

महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित,
स्काउट एवं गाईड कोटा : 2024–25

विषय :– उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2024–2025 में स्काउट्स एवं गाईड्स कोटे के अन्तर्गत विज्ञापित लेवल–1 व लेवल–2 के पदों पर भर्ती के सम्बन्ध में।
संदर्भ :–इस कार्यालय का संदर्भित पत्र दिनांक 02.01.2025

–000–

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2024–2025 में स्काउट्स एवं गाईड्स कोटे के अन्तर्गत विज्ञापित लेवल–1 व लेवल–2 के पदों पर भर्ती के लिए जारी अधिसूचना संख्या 03/2024 (स्काउट्स एवं गाईड्स कोटा/आरआरसी/उपरे) दिनांक 28.06.2024 के सम्बन्ध में ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच के पश्चात अपात्र/पात्र एवं प्रोविजनली पात्र पाए गए आवेदनों की सूची, संदर्भित पत्र दिनांक 02.01.2025 के द्वारा वेबसाइट पर सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित की गई थी एवं उक्त सूची के विरूद्व दिनांक 05.01.2025 को 17.00 बजे तक आपत्तियॉ (यदि कोई हो) आंमत्रित की गई थी। उक्त के संबंध में प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा उपरान्त पूर्व में जारी अपात्र/पात्र एवं प्रोविजनली पात्र अभ्यार्थियों की सूची को यथावत रखा गया है।

उक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रोविजनली पात्र पाए गए अभ्यार्थियों की सीबीटी का आयोजन शीघ्र ही जयपुर शहर में किया जाना प्रस्तावित है। किसी भी प्रकार की अपडेट के लिए इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट <u>www.rrcjaipur.in</u> का अवलोकन करतें रहें।

अध्यक्ष/रेलवे भर्ती कक्ष